रेरा उ.प्र.

प्रेस नोट

लखनऊ/गौतम बुद्ध नगर - अगस्त 12, 2023

**श्री संजय आर भूसरेड्डी उ.प्र. रेरा के अगले चेयरमैन तथा श्रीमति डिम्पल वर्मा सदस्य नियुक्त**

दिनांक 11 अगस्त 2023 को **उत्तर प्रदेश सरकार** ने **श्री संजय आर भूसरेड्डी को उ.प्र. रेरा के अगले चेयरमैन** और **श्रीमति डिम्पल वर्मा को नवीन सदस्य** हेतु स्वीकृति दे दी है।

श्री संजय आर भूसरेड्डी आईएएस यूपी 1989 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी है और सेवानिवृत्त होने के पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में बतौर अपर मुख्य सचिव- चीनी उद्योग व निवेश आयुक्त तथा उत्पाद शुल्क व आयुक्त, गन्ना का पदभार संभाला था। इसके पूर्व अपने लगभग 32 वर्षों के कार्यकाल में श्री रेड्डी ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव रहते हुए चीनी उद्योग व निवेश आयुक्त, उत्पाद शुल्क व आयुक्त, गन्ना तथा केंद्र में एमएमटीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपना दायित्व निभाया। श्री रेड्डी को उत्तर प्रदेश हाउसिंग बोर्ड का विस्तृत अनुभव रहा है।





श्रीमती डिंपल वर्मा भी आईएएस यूपी 1989 (सेवानिवृत्त) बैच की अधिकरी रही है और उत्तर प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव रहते हुए युवा कल्याण विभाग व महानिदेशक, युवा कल्याण एवं पीआरडी से सेवानिवृत्त हुई थी एवं प्रमुख सचिव रहते हुए भी सेवाएं दी थी। इसके अलावा इन्होने बुनियादी शिक्षा विभाग, नागरिक सुरक्षा, बाल विकास सहित प्रदेश के अन्य विभागों में मुख्य सचिव की भूमिका निभाई। केंद्र में काम करते हुए श्रीमति वर्मा एनबीसीसी में मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव सहित 30 वर्षों से ज्यादा के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है।

उ.प्र. रेरा के चेयरमैन और नए सदस्य के आने से प्राधिकरण अपने पूर्ण सामर्थ्य से कार्य कर सकेगा जिससे आवंटियों की शिकायतों की सुनवाई, आदेश का अनुपालन एवं अन्य गतिविधियों की गति तीव्र होगी। इसका एक सकारात्मक प्रभाव एनसीआर एवं नॉन एनसीआर दोनों क्षेत्रों के हितधारकों पर पड़ेगा। दोनों का कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होगा। फरवरी 2023 में दो सदस्यों- श्री टी वेंकटेश (सेवानिवृत्त आईएएस यूपी 1988) एवं श्री दीपक स्वरुप सक्सेना (भूतपूर्व जनपद न्यायाधीश) ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

जून 2023 में श्री राजीव कुमार उ.प्र. रेरा के प्रथम चेयरमैन के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पूर्व में श्रीमती कल्पना मिश्रा, श्री भानु प्रताप सिंह एवं श्री बलविंदर कुमार उ.प्र. रेरा के सदस्य पद से क्रमशः जनवरी 2023, जून 2022 एवं फ़रवरी 2022 में सेवानिवृत्त हो चुके है जो उ.प्र. रेरा के सर्वप्रथम प्राधिकरण के रूप में कार्यरत थे।